मृगेश्वर गांव, सुमेरपुर में वैज्ञानिक–कृषक संवाद

सुमेरपुर तहसील के मृगेश्वर गांव में काजरी, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, पाली की अनुसूचित जाति उप–परियोजना के अन्तर्गत वैज्ञानिक–कृषक संवाद एवं आदान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। काजरी–पाली के प्रभारी अध्यक्ष ड़ॉ. आर. एस. मेहता ने किसानों को हेंड वीड़र एवं सिकेटियर के उपयोग करने के तरीकों के बारे में बताया। ड़ॉ. एम. बी. नूर मोहम्मद एवं ड़ॉ. कमला कुमारी चौधरी ने फसल कटाई के उपरान्त की जाने वाली कृषि क्रियाओं के बारे में जानकारी दी। मृगेश्वर एवं जूना गावों के 132 कृषकों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। संस्थान की ओर से अनुसूचित जाति उप–परियोजना के अन्तर्गत मृगेश्वर एवं जूना गावों में 25 त्रिपाल, 46 हेंड वीड़र, 46 सिकेटियर एवं 63 मिल्क केन आदानों का वितरण किया गया। काजरी के वैज्ञानिकों ने किसानों की फसल, फल एवं सब्जी उत्पादन से सम्बंधित समस्याओं का समाधान बताया। ड़ॉ. कमला कुमारी चौधरी ने लवणीय एवं क्षारीय भूमियों के प्रबंधन के बारे में विस्तृत चर्चा की। काजरी–पाली के तकनीकी अधिकारी महेन्द्र सिंह सोनीगरा, धीरज अग्रवाल एवं राकेश खोजा ने आदान वितरण का कार्य किया।